प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 03.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व कर सकता है। उन्होंने कहा कि कई वैश्विक कंपनियों ने इस संबंध में भारत के साथ काम करने की इच्छा जताई है। गूगल, मेटा और मॉइक्रोसॉफ्ट सहित सात वैश्विक फर्मों ने आज मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईसीटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। ये संस्थान मुम्बई में बनाया जायेगा और इस पर 400 करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में आईआईसीटी, आईआईटी और आईआईएम के समान मान्यंता प्राप्त करेगा।

00000

भारत ने, पाकिस्तान से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में इसकी घोषणा की। अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में यह प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध में किसी प्रकार की छूट के लिए सरकार की अनुमति लेनी होगी।

00000

गोवा में आज बिचोलिम के शिरगाओ गांव में श्री लैराई जात्रा उत्सव के दौरान मची भगदड़ में छह लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं 80 से अधिक लोग घायल हो गए। यह घटना आज सुबह उस समय हुई जब हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर में सदियों पुराने अनुष्ठान को देखने और उसमें भाग लेने के लिए उमड़े थे। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपने संदेश में उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

00000

आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। यह दिन प्रेस स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करने और दुनिया भर में प्रेस स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करने के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है नई दुनिया में रिपोर्टिंग – प्रेस स्वतंत्रता और मीडिया पर एआई का प्रभाव। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शुभकामनाएं देते हुए अपने सोशल मीडिया संदेश में लिखा कि स्वतंत्र पत्रकारिता लोकतंत्र का आधार स्तम्भ है, जो समाज को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कडी में भरतपुर के लोहागढ प्रेस क्लब में संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में पत्रकारों की समस्या और चुनौतियों पर चर्चा की गई।

00000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए की ओर से कल नीट यूजी परीक्षा आयोजित की जायेगी। इसके लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए है। ये परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की जायेगी। इस बार परीक्षा के लिए चौबीस लाख से जयादा अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। प्रदेश में परीक्षा के आयोजन को लेकर विभिन्न केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये गये है। जयपुर में जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी और पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने परीक्षा के दौरान कडी निगरानी रखने के निर्देश दिए है। जयपुर में इसके लिए 90 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जहां 36 हजार विद्यार्थी परीक्षा देंगे। अजमेर में अभ्यर्थियों की सुविधा और परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। भीलवाडा में भी प्रशासन की ओर से परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

00000

21 जून को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश में विभिन्न तैयारियां की जा रही है। इसी कड़ी में पाली जिले के धनला में राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय की ओर से नियमित योगाभ्यास शुरू किया गया है। इसके तहत ग्रामीणों को रोजाना योगाभ्यास करवाया जायेगा। इस दौरन पुरुष और महिला योग प्रशिक्षक लोगों को योग प्रशिक्षण देंगे।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटो में आंधी और बारिश के कारण तापमान में 2 से 10 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। इससे तेज गर्मी और हीट वेव से राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज सवाईमाधोपुर, धौलपुर, जयपुर दक्षिण, अलवर, दौसा, अजमेर, करौली और बूंदी में आंधी और बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। बारां में आज धूलभरी हवा चली और हल्की बरसात हुई।
विभाग के अनुसार अगले सप्ताह कई पश्चिमी विक्षोभ लगातार सक्रिय रहने से तेज आंधी चलने और हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

0000

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–2025 के लिए नामांकन 31 जुलाई तक कराये जा सकते हैं। ये राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए राष्ट्रपति द्वारा हर साल दिया जाता है। ये पुरस्कार पांच से 18 वर्ष की आयु के उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, सहित विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। सभी नामांकन आधिकारिक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकते है। कोई भी व्यक्ति या संस्था पुरस्कार के लिए असाधारण उपलब्धियों वाले बच्चों को नामांकित कर सकती है। बच्चे स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं।

0000